## संक्षिप्त

### स्वैच्छिक रक्तदान की शपथ ली

**कोटपूतली।** ''विकसित भारत-जनसेवा अभियान'' के तहत गुरुवार को बीडीएम जिला अस्पताल, कोटपूतली में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अधिकारियों एवं कार्मिकों ने स्वैच्छिक रक्तदान की शपथ लेकर जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान का संकल्प लिया। कार्यक्रम में एडीएम सोहन सिंह नरुका, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के पूर्व निदेशक (जनस्वास्थ्य) डॉ. के.एल. मीणा एवं सेवानिवृत्त प्रोफेसर जसवंत सिंह हॉर्टीकल्चर ने शामिल होकर रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की। इस अवसर पर रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि रक्तदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। समय पर उपलब्ध रक्त किसी जरूरतमंद मरीज के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकता है। स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाकर समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदना की भावना को मजबूत किया जा सकता है। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रमोद सिंह, आरसीएचओ डॉ. अरविंद अठावाल, अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ. जय भगवान, पीएमओ डॉ. पुष्कर राज गुर्जर, जिला कार्यक्रम समन्वयक रविकांत जांगिड़, नर्सिंग अधीक्षक पूरण सिंह सहित नर्सिंग कार्मिक उपस्थित रहे।

### पालिका अध्यक्ष पद के 5 नामांकनों में एक खारिज

**निवाई।** नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए होने वाले चुनाव में गुरुवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच के दौरान एक नामांकन खारिज किया गया। रिटर्निंग ऑफिसर गंभीर सिंह ने बताया कि पालिका अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवारों द्वारा 5 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। गुरुवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई जिसमें एक नामांकन खारिज किया गया है। उन्होंने बताया कि पार्षद डोली चौधरी द्वारा कांठोस व निर्दलीय के रूप में दो नामांकन दाखिल किए गए थे। इनमें से कांठोस पार्टी के लिए दाखिल किया गया नामांकन खारिज किया गया है। उन्होंने बताया कि भाजपा से नरेंद्र शर्मा, कांठोस से रेखा जैन व निर्दलीय के रूप में दिलीप इसरानी व डोली चौधरी का नामांकन जांच में सही पाया गया है। शुक्रवार को नामांकन वापसी का दिन है। दोपहर 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इसके बाद 21 सितंबर को मतदान प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### शैक्षिक सम्मेलन आज टोडा में

**निवाई।** शिक्षक संघ एलीमेन्ट्री सैकेन्डरी टीचर एसोसिएशन (रेस्टा) जिला शाखा के तत्वावधान में 18 एवं 19 सितम्बर को दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां शुरू कर दी है । दो दिवसीय सम्मेलन स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल टोडा रायसिंह में प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से आयोजित होगा। जिसको लेकर शिक्षक संघ रेस्टा के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र प्रताप जाट के नेतृत्व में जिला व ब्लॉक कार्यकारिणी द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। मौके पर जल की व्यवस्था की जा रही है। जिलाध्यक्ष ने सभी शिक्षकों से शैक्षिक सम्मेलन में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का आव्हान किया।

# निवाई में खाद बीज भंडार का लाइसेंस निलंबित

**टोंक ।** निवाई में किसानों से अभद्र व्यवहार, ज्यादा पैसे वसूलने और दूसरे उत्पाद खरीदने के लिए मजबूर करने की शिकायतों पर कृषि विभाग ने कार्यवाही की है। विभाग ने मैसर्स हनुमान बीज भंडार, निवाई का खुदरा उर्वरक लाइसेंस तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) और अधिसूचित प्राधिकारी (उर्वरक) जिला परिषद टोंक रामलाल जाट के निर्देशन में फर्म के खिलाफ कई शिकायतें मिलने के बाद कार्यवाही की गई है। इनमें किसानों से दुर्व्यवहार, तय दर से ज्यादा पैसे लेना और उन्हें जबरदस्ती दूसरे सामान खरीदने के लिए मजबूर करना शामिल था। इसके अलावा, किसानों द्वारा ऑनलाइन यूरिया बुक करने के बाद भी उन्हें यूरिया नहीं दिया गया या बुकिंग के मुकाबले कम बैग दिए गए, इन सभी अनियमितताओं का जिक्र भी आदेश में है।



टोंक में ग्राहकों से ज्यादा पैसे वसूलने के आरोप में खाद बीज भंडार को लाइसेंस निलंबित किया।

कृषि विभाग ने फर्म के मालिक को अगले आदेश तक खाद की खरीद-बिक्री नहीं करने का निर्देश दिया है। साथ ही, फर्म के पास मौजूद खाद के स्टॉक की बिक्री पर भी रोक लगा दी गई है। विभाग ने फर्म की रिटेल आईडी 845724 को बंद करवाने के लिए कृषि आयुक्तालय जयपुर को भी पत्र लिखा है। आदेश में फर्म के मालिक को 7 दिन के अंदर ये बताने को कहा गया है कि उनका खाद लाइसेंस रद्द क्यों न किया जाए।

- किसानों से अभद्र व्यवहार और ज्यादा पैसे वसूलने की शिकायत पर हुई कार्यवाही

फर्म का खुदरा खाद लाइसेंस नंबर 2048, जो 1 सितंबर 2011 को जारी हुआ था और 29 अगस्त 2030 तक वैध था, उसे अभी निलंबित किया गया है। विभाग ने जिले के थोक खाद विक्रेताओं और कंपनी प्रतिनिधियों को भी निर्देश दिए हैं कि वे अगले आदेश तक हनुमान बीज भंडार को खाद की सप्लाई न करें। इस आदेश की कॉपी संबंधित कृषि अधिकारियों और खाद निरीक्षकों को भी भेजी गई है।

### रक्तदान शिविर में 15 यूनिट रक्त एकत्रित

**लालसोट।** विकसित भारत-जन स्वास्थ्य अभियान के तहत गुरुवार, 17 सितंबर को राजकीय जिला अस्पताल लालसोट में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिला अस्पताल एवं खंड मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में कुल 15 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। दौसा जिला अस्पताल की ब्लड बैंक टीम ने शिविर में रक्त संठाह किया। आम नागरिकों के साथ अस्पताल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस दौरान मौजूद स्टाफ एवं नागरिकों ने नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। शिविर के दौरान पीएमओ डॉ. राजकुमार सेहरा, बीसीएमओ डॉ. राजपाल मीणा, ब्लड स्टोरेज सेंटर प्रभारी डॉ. अनुराग सैन, डॉ. तपेन्द्र उपाध्याय एवं मनोज कुमार (एलटी) सहित अस्पताल का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

# विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत जिले में 70 यूनिट रक्तदान

- कलेक्टर कमर चौधरी ने रक्तदान शिविर का अवलोकन किया, लोगों ने ली रक्तदान की शपथ
- आज उप जिला अस्पताल रुपवास में किया जायेगा रक्तदान शिविर आयोजित

**भरतपुर (निसं)।** विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत गुरुवार को जिले में राजकीय आरबीएम अस्पताल भरतपुर एवं जिला अस्पताल नदबई में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया तथा रक्तदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

राजकीय आरबीएम अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर का जिला कलक्टर कमर चौधरी ने अवलोकन कर शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और रक्तदाताओं से संवाद करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए तथा उनके सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है और स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान जरूरतमंद मरीज के लिए जीवनदायी साबित हो सकता है। उन्होंने रक्तदान शिविरों के साथ जिले में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से लोगों को रक्तदान की ऑनलाइन शपथ लेने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की यह भागीदारी स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता और जनसेवा की भावना को दर्शाती है। रक्तदान से पूर्व रक्तदाताओं की आवश्यक स्वास्थ्य जांच की गई तथा निर्धारित स्वास्थ्य मानकों के अनुसार सुरक्षित तरीके से रक्त संठाहण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव कपूर ने बताया कि जिले में गुरुवार को आयोजित रक्तदान शिविरों में कुल 70 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इनमें राजकीय आर बी एम अस्पताल में 51 एवं जिला अस्पताल नदबई में 9 तथा प्राइवेट ब्लड बैंक में 10 लोगों ने रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत 18 अक्टूबर तक जिले के चिकित्सा संस्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किये जायेगे। शुक्रवार को उप जिला अस्पताल रुपवास में रक्तदान शिविर आयोजित किया जायेगा।

इस अवसर पर प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज डॉ. विवेक भारद्वाज, अधीक्षक आरबीएम डॉ. नगेंद्र भदौरिया, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. पदम सिंह, जिला कार्यक्रम समन्वयक ब्लड सेल पवन कुमार सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

# श्रावक संस्कार शिविर में उमड़े श्रद्धालु

**निवाई।** सकल दिगंबर जैन समाज निवाई के तत्वावधान में दशलक्षण महापर्व पर आचार्य सुंदर सागर महाराज के सानिध्य में श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन अठावाल मंदिर में संचालित सन्मति सुंदर श्रावक संस्कार शिविर में प्रतिदिन सैंकड़ों श्रद्धालु धर्मलाभ ले रहे हैं। चातुर्मास कमेटी के प्रवक्ता सुनील भाणजा एवं हितेश छाबड़ा ने बताया कि शिविर की शुरुआत ध्यान साधना के साथ हुई। इसके बाद शिविरार्थियों को योगाभ्यास कराया गया।

- उत्तम मार्दव धर्म की आराधना की

मंगलाचरण के पश्चात श्री शांतिनाथ भगवान का अभिषेक, पंचामृत अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। चातुर्मास कमेटी के विमल जौंला ने बताया कि संस्कार शिविर में करीब 200 शिविरार्थियों ने भाग लिया। सभी शिविरार्थियों ने गाजे बाजे के साथ दशलक्षण धर्म में उत्तम मार्दव धर्म की विशेष पूजा अर्चना की।


निवाई में श्रद्धालुओं ने श्रावक संस्कार शिविर में धार्मिक क्रियाएं की।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने दशलक्षण धर्म पर्व की विशेष पूजा अर्चना की।

आचार्य सुंदर सागर महाराज ने उत्तम मार्दव धर्म पर प्रवचन देते हुए कहा कि मार्दव का अर्थ मान-अहंकार का त्याग कर विनम्रता को जीवन में धारण करना है। उन्होंने कहा कि दशलक्षण पर्व हमें अपने भीतर झांकने और अहंकार को छोडक़र सरलता, नम्रता एवं आत्मशुद्धि के मार्ग पर आगे बढने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को धन, पद, ज्ञान एवं प्रतिष्ठा का अभिमान नहीं करना चाहिए, बल्कि सभी के प्रति सम्मान व विनम्रता का भाव रखना चाहिए। इसके बाद श्रद्धालुओं ने उत्तम मार्दव धर्म की भक्तिभाव के साथ पूजा अर्चना की। सायंकाल भगवान की महाआरती का आयोजन हुआ। आरती के पश्चात संगीतमय भक्तामर द्वीप अर्चना हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से सहभागिता की। धार्मिक आयोजनों से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण हो गया। श्रावक संस्कार शिविर के माध्यम से श्रद्धालुओं को ध्यान, योग, धार्मिक क्रियाओं एवं आचार्य श्री के प्रवचनों के माध्यम से संस्कार और आत्मचिंतन की प्रेरणा दी जा रही है।

### पावटा में 19 सितंबर को गूंजेंगे राधे-राधे के जयकारे

**पावटा।** इस्कॉन पावटा की ओर से आगामी 19 सितंबर 2026 को श्री श्री राधाष्टमी महोत्सव का भव्य एवं भक्तिमय आयोजन किया जाएगा। इस्कॉन सेंटर पावटा में आयोजित होने वाले महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। आयोजन के दौरान कीर्तन-भजन, कथा, महारास नृत्य एवं गौर आरती सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। महोत्सव की शुरुआत शाम 4:30 से 5:30 बजे तक कीर्तन एवं भजनों से होगी। इसके बाद 5:30 बजे स्वागतम नृत्य की प्रस्तुति होगी। शाम 5:45 से 6:30 बजे तक श्री राधाष्टमी कथा का आयोजन किया जाएगा। वहीं 6:30 से 7 बजे तक महारास नृत्य श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। इसके बाद शाम 7 बजे गौर आरती होगी, जिसमें श्रद्धालु सामूहिक रूप से आरती में शामिल होकर भगवान के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम का समापन शाम 7:15 बजे से प्रसादम वितरण के साथ होगा। इस्कॉन पावटा की ओर से सभी श्रद्धालुओं से महोत्सव में सपरिवार शामिल होकर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त करने का आव्हान किया गया है।

## सार-समाचार

### सौर ऊर्जा की प्लेटें व केबल चोरी, बरोनी थाने में मामला दर्ज



**निवाई।** बरोनी पुलिस थाने में सौर ऊर्जा की प्लेटें व केबल चोरी होने का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने बताया कि शिवराज पुत्र रामपाल जाट निवासी पहाड़ी ने मामला दर्ज करवाया है कि गांव पहाड़ी में उसकी खातेदारी की कृषि भूमि के कुएं पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगा हुआ है। जब वह अपने खेत पर चारा लेने पहुंचा, तो कुएं पर लगी सौर ऊर्जा की प्लेटें व मोटर की केबल गायब मिलीं। जिसकी आसपास तलाश करने पर भी कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने मामला दर्ज करके कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है, जिसकी जांच एएसआई राजूलाल को सौंपी गई है।

### 'मेरे सपनों का भारत' प्रतियोगिता में बच्चों ने चित्र उकेरे

**कोटपूतली।** विकसित भारत-जन सेवा अभियान के तहत जिलेभर के विभिन्न विद्यालयों में 'मेरे सपनों का भारत' चित्रसेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने चित्रकला के माध्यम से विकसित भारत को लेकर अपने सपनों, कल्पनाओं और अपेक्षाओं को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने अपने चित्रों में स्वच्छ, शिक्षित, आत्मनिर्भर, समृद्ध एवं विकसित भारत की परिकल्पना को विभिन्न रंगों और रचनात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से उकेरा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता एवं सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। अभियान के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद डॉ. गोपाल मीणा ने कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों सहित आमजन से अभियान से जुड़कर अपनी सहभागिता निभाने की अपील की। साथ ही, उन्होंने कहा कि बच्चों की कल्पनाओं में दिखाई देने वाला भारत ही भविष्य के विकसित भारत की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### 83 पव्वे व 18 बीयर बोतलें जब्त

**टोंक ।** जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ व शराब की रोकथाम विशेष अभियान के तहत पीपलू थानाधिकारी शिवचरण के नेतृत्व में गठित थाना पीपलू विशेष टीम ने इस अभियान में कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र के देवरी-कुरेडा रोड पर अवैध शराब परिवहन करते हुए आरोपी मनराज गुर्जर पुत्र श्योजीलाल उम्र 32 साल निवासी कुरेडी को दुकान से अवैध देशी शराब के 57 पव्वे, बियर की 9 बोतले व 9 केन, 20 अंग्रेजी शराब के पव्वे तथा एक अग्रेजी शराब का कार्टुन को जप्त कर आरोपी को एक्साईज एक्ट में गिरफ्तार कर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

### 20 से टोड़ी में होगी कुश्ती प्रतियोगिता

**मनोहरपुर ।** मनोहरपुर के निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोडी मनोहरपुर (शाहपुरा) में 70 वीं जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता सत्र 2026-27 का भव्य आयोजन होने जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रतियोगिता संयोजक मदन लाल रैगर ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 20 सितंबर 2026, रविवार को प्रात: 10 बजे विद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री मोहन लाल कुड़ी, एडवोकेट भामाशाह होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सजनी चौधरी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, शाहपुरा जयपुर करेंगी। इस प्रतियोगिता में जयपुर जिले भर से सैकड़ों पहलवान छात्र भाग लेंगे। ''खेल से व्यक्तित्व का विकास'' थीम पर आयोजित इस प्रतियोगिता को लेकर विद्यालय परिवार में भारी उत्साह है और तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। विद्यालय परिवार ने सभी खेल प्रेमियों और ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंच पहलवानों का हौसला बढ़ाने की अपील की ।

# एडीएम ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक

- संपर्क पोर्टल, बजट घोषणाओं एवं विकसित भारत-जन सेवा अभियान की तैयारियों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**कोटपूतली।** अतिरिक्त जिला कलक्टर सोहन सिंह नरुका की अध्यक्षता में गुरुवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विकसित भारत-जन सेवा अभियान, संपर्क पोर्टल, बजट घोषणाओं सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने विभागवार प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों एवं कार्यों को नियमानुसार समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी विहित सूचनाओं को संबंधित पोर्टल पर निर्धारित समयावधि में अपडेट करें। संपर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों का समयबद्ध एवं संतुष्टिपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समयसीमा में प्रभावी ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं नियंत्रण, स्वच्छता व्यवस्था तथा वैक्सीनेशन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। एडीएम ने जिले में साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने तथा संबंधित विभागों के समन्वय से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मौसमी बीमारियों की रोकथाम से संबंधित गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही एचपीवी सहित अन्य वैक्सीनेशन के प्रति आमजन को जागरूक कर अधिकाधिक पात्र लोगों को लाभान्वित करने पर जोर दिया। बैठक में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे विकसित भारत-जन सेवा अभियान की तैयारियों एवं प्रस्तावित गतिविधियों की समीक्षा की गई। अभियान के तहत सेवा, जनभागीदारी, जनजागरूकता, सामाजिक सरोकार एवं सुशासन से जुडी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने तथा गतिविधियों का प्रभावी संचालन करते हुए अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अभियान के तहत 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक 'मेरे सपनों का भारत-चित्रसेवा', 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा की कहानी एवं अनकही कहानियां', 19 से 25 सितंबर तक ठाामीण क्षेत्रों में सेवा शिविर, 24 सितंबर एवं 11 अक्टूबर को 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा 25 से 27 सितंबर तक 'आंगन मिलन सेवा' आयोजित की जाएगी। इसी क्रम में 2 अक्टूबर को 'सेवा मेरा योगदान' के तहत व्यापक स्वच्छता अभियान, 1 से 15 अक्टूबर तक 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज', 7 अक्टूबर को 'सेवा ज्योति कलश यात्रा' तथा 8 से 16 अक्टूबर तक शहरी क्षेत्रों में सेवा शिविर आयोजित होंगे। इसके साथ ही 'सुशासन सेवा संवाद' के माध्यम से नागरिकों एवं प्रशासन के बीच प्रत्यक्ष संवाद की गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।

# 18-19 सितंबर को जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन

**पावटा।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) की ओर से जिला कोटपूतली बहरोड़ का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन 18 एवं 19 सितंबर को पावटा स्थित हंस कॉलेज, नहर रोड में आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय सम्मेलन में जिलेभर से शिक्षक एवं संगठन पदाधिकारी शामिल होकर शिक्षा, शिक्षक हितों तथा विद्यालयों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन का उद्घाटन समारोह 18 सितंबर को प्रात: 10:30 बजे होगा।

समारोह की अध्यक्षता श्री श्री 1008 संत श्री मंगलदास महाराज (धाम टोरड़ा गूजरान) करेंगे। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा कोटपूतली बहरोड़ श्रीमती कौशलेन्द्र मीणा रहेंगी। विशिष्ट अतिथियों में सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी हरचन्द मीना, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पावटा सुरेश चन्द कसाणा, प्रदेश संरक्षक मंडल सदस्य बसन्त कुमार शर्मा, लक्ष्मीनारायण स्वामी तथा प्रदेशाध्यक्ष संस्कृत शिक्षा बनवारीलाल सैनी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। उद्घाटन समारोह में प्रदेश संयुक्त मंत्री सुरेश चन्द यादव मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करेंगे।

वहीं कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष विजय कुमार सैनी, जिलाध्यक्ष कोटपूतली-बहरोड़ होंगे। सम्मेलन का समापन समारोह 19 सितंबर को प्रात: 10:15 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन के संरक्षक सदस्य उमेश चन्द्र टॉक होंगे। विशिष्ट अतिथियों में बाबूलाल वर्मा, कैलाश चन्द गुर्जर, रामावतार शर्मा, जयराम वर्मा एवं रोहिताश कुमार यादव शामिल होंगे।

समापन समारोह में जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सैनी मुख्य वक्ता के रूप में विचार व्यक्त करेंगे। कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष अमीचन्द स्वामी, उपशाखा अध्यक्ष पावटा होंगे। सम्मेलन के संयोजक अमीचन्द स्वामी, सह संयोजक रामसिंह यादव एवं बलवीर मीणा हैं। राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) की जिला एवं उपशाखा कार्यकारिणी ने जिले के शिक्षकों से सम्मेलन में सहभागिता करने का आव्हान किया है।

# जागरूकता शिविर में साइबर ठगी से बचाव के गुर बताए

**शाहपुरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष माधवी दिनकर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नींझर में साइबर सुरक्षा, जागरूकता, संरक्षण और बचाव विषय पर शिविर आयोजित किया। इस शिविर की अध्यक्षता प्रिंसिपल प्रकाश चंद्र जाट ने की ।

इस अवसर पर जुनियर लीगल लिटरेसी क्लब की अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने विद्यालय के छात्र - छात्राओं को संबोधित किया एवं साइबर क्राइम क्या है तथा साइबर सुरक्षा के तरीकें व आनलॉइन ठगी से बचाव के तरिके बतायें व बच्चों के कानूनी अधिकारों के बारे जानकारी दी। बताया कि हमें अपने मोबाइल फोन कॉंटेक्ट लिस्ट के



शाहपुरा में बालकों को साइबर ठगी से सुरक्षा की जानकारी दी ।

अतिरिक्त अनजान व्यक्ति के नम्बरों को नहीं उठाना चाहिए।

आप सभी विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा के राशन मिलता है। साइबर ठगों द्वारा आपको बातों में फंसाकर आपके मोबाइल फोन को हैक करके आपके माता-पिता के बैंक खातों से रूपये निकाल सकते है। अगर आपके बैंक खातों से रूपये निकल गए है, तो सबसे पहले साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराते। आपके बैंक के मैनेजर को तत्काल साइबर ठगी की सुचना वास्तविक समय की जानकारी से अवगत करायें, और खाते को टेम्प्रेरी तौर पर बंद करने का आवेदन करके बैंक ट्रांजेक्शन की जानकारी प्राप्त करने में बैंक को सहयोग करें।

- अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने विद्यालय के छात्र - छात्राओं को संबोधित किया

ई मित्र पर साइबर क्राइम पुलिस को घटना की बैंक खाताधारक द्वारा शिकायत दर्ज करावे। इस अवसर पर प्रिंसिपल प्रकाश चंद्र जाट ने बताया कि हमें किसी को भी बैंक खाताधारक के नम्बर, ओटिपी, एवं आधारकार्ड की गोपनीयता को साझा नहीं करें। इस शिविर में वाइस प्रिंसिपल महेंद्र कुमार शर्मा,, सुरेश कुमार चौधरी, अमरसिंह रूण्डला, मनोज कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा, भैंरूराम जाट, गोपाल यादव, संतोष बल्लीवाला, किरण वैरवा, सहित इस कार्यकमों में लगभग 150 लाभार्थियों की संख्या रही।